दिल्ली
रविवार 19 अप्रैल 2015
वैशाख शुक्ल 1 संवत् 2072 शके 1937
वर्ष 06 । अंक 220
कीमत ₹ 4.00
कुल पृष्ठ 14

www.naidunia.com

नईदुनिया

दिल्ली-एनसीआर, इंदौर, भोपाल (नवदुनिया), जबलपुर, ग्वालियर, रायपुर और बिलासपुर से एकसाथ प्रकाशित

पाकिस्तान का मुश्किल किरदार » 08

राष्ट्रीय संस्करण

शाहरुख को एशियन अवॉर्ड » 10

अब कमर तोड़ दर्द हो सकेगा छूमंतर, हमेशा के लिए

आईआईटी दिल्ली ने ढूंढा सस्ता व कारगर इलाज, इंजेक्शन से मिलेगी राहत

शैलेंद्र सिंह, नई दिल्ली

कमर दर्द की परेशानी पिछले एक दशक में न सिर्फ बुजुर्गों बल्कि युवाओं को भी चपेट में ले चुकी है। बदली लाइफस्टाइल हो या फिर काम का बढ़ता दबाव, आज के दौर में कमरदर्द से ग्रस्त लोगों की संख्या में दिन ब दिन इजाफा हो रहा है। दर्द ऐसा कि जब उठता तो बर्दाश्त करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे दर्द का इलाज यदि एक इंजेक्शन से हो जाए तो हैरान होना लाजिमी है। कुछ ऐसा ही कमाल आईआईटी दिल्ली के छात्र-शिक्षकों ने डिपार्टमेंट ऑफ टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी के अंतर्गत कर दिखाया है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो क्लीनिकल ट्रायल के बाद इस उपचार तकनीक के जरिए लाखों रुपए के खर्च से होने वाला कमर दर्द का

इलाज महज 3 से 4 हजार रुपए में मिलने लगेगा।

आईआईटी दिल्ली में डिपार्टमेंट ऑफ टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी के प्रो. सौरभ घोष के मुताबिक, इस तकनीक में टिश्यू इंजीनियरिंग का इस्तेमाल किया गया है। इसमें सिल्क की मदद से हाइड्रोजैल और सिल्क माइक्रोकैप्सूल का निर्माण किया जाता है और इन दोनों के सम्मिश्रण से इंजेक्शन तैयार होता है। यह इंजेक्शन पीड़ित को उसकी कमर के उस हिस्से में डॉक्टर की सलाह पर दिया जाएगा, जहां वो दर्द से ग्रस्त है। प्रो. घोष बताते हैं कि सिल्क में उस तत्व की प्रचुरता होती है जो कि खराब डिस्क के निर्माण में मददगार है। इस तरह इस इंजेक्शन में मौजूद हाइड्रोजैल जहां पीड़ित व्यक्ति को तुरंत दर्द से राहत देने की दिशा में काम करेगा, वहीं इसमें मौजूद सिल्क माइक्रोकैप्सूल कमर के क्षतिग्रस्त हिस्से के पुनर्निर्माण को अंजाम देगा। प्रो. घोष बताते हैं कि यदि सामान्य प्रक्रिया के हिसाब से देखें तो छह से सात महीने में इस इंजेक्शन की मदद से कमर दर्द को पूरी तरह खत्म किया जा सकेगा।

अभी यह प्रक्रिया अपनाई जाती है

इस प्रोजेक्ट में शामिल बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के छात्र सुमित मुराब बताते हैं कि अभी उपलब्ध इलाज में या तो कमर में मौजूद क्षतिग्रस्त डिस्क को ही निकाल दिया जाता है या फिर उसकी जगह इम्प्लांट किया जाता है। ये दोनों ही इलाज जहां एक ओर महंगे हैं वहीं दूसरी ओर इनके माध्यम से मिलने वाली राहत के बाद मरीज पूरी तरह से पुरानी स्थिति में नहीं आ पाता है। यानी इससे मिलने वाली राहत उसे पूर्णतया स्वस्थ नहीं करती है। जबकि टिश्यू इंजीनियरिंग के अंतर्गत होने वाले हमारे इलाज के मरीज को न सिर्फ दर्द से तत्काल राहत मिलती है बल्कि उसकी क्षतिग्रस्त डिस्क भी अपनी निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत ठीक होना शुरू हो जाती है।

मानवीय प्रयोग के बाद ही आएगा बाजार में

इस प्रोजेक्ट को लेकर आईआईटी, दिल्ली की ओर से जानवरों पर प्रयोग किया जा चुका है। प्रोजेक्ट में शामिल छात्र सुमित बताते हैं कि अभी इस तकनीक का इस्तेमाल बकरे पर किया गया है और इसके सकारात्मक नतीजे देखने को मिले हैं। उन्होंने बताया कि अब हमारी कोशिश है कि इसका मानवीय प्रयोग हो सके और उसके बाद ही हम इसे आम मरीज को उपचार के लिए उपलब्ध करा सकेंगे।

न्यूज बॉक्स

15 साल पहले ही उजागर हो सकता था नेताजी का रहस्य

कोलकाता। नेताजी सुभाषचंद्र बोस से जुड़ी गोपनीय फाइलों को लेकर चल रहे विवाद पर पश्चिम बंगाल अभिलेखागार के पूर्व निदेशक प्रणब चटर्जी ने कहा कि राज्य सरकार चाहती तो 15 साल पहले ही रहस्य उजागर हो सकता था। आज भी सीआईडी मुख्यालय में 64 गोपनीय फाइलें 12 सीलबंद लिफाफे में रखी हैं। पब्लिक रिकॉर्ड्स एक्ट, 1993 के मुताबिक किसी भी फाइल को 25 साल से ज्यादा समय गोपनीय नहीं रखा जा सकता। लिहाजा उन्होंने 2000 में राज्य के गृह विभाग को इन फाइलों को अभिलेखागार विभाग को हस्तांतरित करने की मांग की थी। लेकिन सरकार ने इंकार करते हुए इनके खुलासे से राज्य व देश में आपातकाल की स्थिति उत्पन्न होने का हवाला दिया था। साथ ही केंद्र की अनुमति नहीं होने की बात भी कही थी।

महाकाल टनल की खुदाई में निकलीं हड्डियां

उज्जैन (मप्र)। महाकाल मंदिर के समीप निर्माणाधीन टनल की खुदाई में शनिवार को हड्डियां निकली हैं। ये इंसानों की हैं या जानवर की, यह साफ नहीं हो पाया है। हालांकि मंदिर प्रशासन हड्डियां जानवर की बता रहा है। जेएनएनयूआरएम के तहत नगर निगम महाकाल मंदिर में टनल (कॉरिडोर) का निर्माण कर रहा है। इसके लिए मंदिर के समीप खुदाई की जा रही है।

देखूं कितना मजबूत है तुम्हारा दिल!

दिल्ली में शनिवार को कांग्रेस कार्यालय में जमीनवापसी डॉट कॉम की लॉन्चिंग के दौरान फुरसत के पलों में आरपीएन सिंह के सीने पर मुक्का चलाने कोशिश में दिग्विजय सिंह, मानो कह रहे हों, देखूं तुम्हारा दिल कितना मजबूत है।

नसीम जैदी मुख्य चुनाव आयुक्त

नई दिल्ली। मौजूदा चुनाव आयुक्त और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) से सेवानिवृत्त अधिकारी नसीम जैदी रविवार से देश के अगले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) होंगे। वे मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त हरिशंकर ब्रह्मा की जगह ले रहे हैं। ब्रह्मा जनवरी में ही इस पद पर आए थे। उनका कार्यकाल महज तीन महीने का ही था। नसीम जैदी देश के 20वें मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। वे इस पद पर जुलाई, 2017 तक बने रहेंगे।

भाजपा सांसदों की आज क्लास लेंगे पीएम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को भाजपा सांसदों को गरीबों के लिए बनाई योजनाओं की जानकारी देंगे। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री भाजपा सांसदों से इन योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और सफल बनाने के लिए कहेंगे। साथ ही सांसदों से सुझाव मांगेंगे। बैठक को भाजपा अध्यक्ष अमित शाह भी संबोधित करेंगे। इसके अलावा सुषमा स्वराज, वैंकैया नायडू और थावरचंद गहलोत समेत कई वरिष्ठ मंत्री विकास योजनाओं के बारे में अवगत कराएंगे।

तापमान दिल्ली

अधिकतम ▲	39.0
न्यूनतम ▼	21.8

चुटकी

आरटीओ ही वैध बना रहा था चोरी के वाहन

चोरी के वाहनों को देता था एनओसी व फर्जी रजिस्ट्रेशन

मप्र में बड़ा खुलासा, दो जिलों का प्रभार था आरोपी के पास

बालाघाट (मप्र, ब्यूरो)। छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र राज्यों सहित अन्य पड़ोसी जिलों से चोरी होने वाले वाहनों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर इन वाहनों को एनओसी व रजिस्ट्रेशन देने वाले गिरोह के प्रमुख सरगना बालाघाट के प्रभारी आरटीओ अधिकारी आरडी दक्ष को पुलिस ने 15 लाख 55 हजार 331 रुपए के साथ दबोच लिया है। कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई शुक्रवार सुबह 9 बजे उस वक्त की, जब दक्ष लाखों रुपए लेकर अपनी कार से भागने की फिराक में था। इसी दौरान उसे पकड़ लिया गया। दक्ष के पास बालाघाट के अलावा मंडला जिले का भी प्रभार था।

मालूम हो, चोरी के वाहनों को नया रजिस्ट्रेशन देने के इस फर्जीवाड़े में बड़ा गिरोह काम कर रहा था। पुलिस इस गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी। दक्ष इस पूरे गिरोह के मास्टरमाइंड माना जा रहा है। आरटीओ विभाग में पदस्थ बाबू रामप्रकाश गोंड की भी मामले में संलिप्तता सामने आई है, उसे भी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किया है

'बालाघाट के आरटीओ अफसर आरडी दक्ष व बाबू रामप्रकाश को गिरफ्तार किया गया है। अफसर से 15 लाख 55 हजार 331 रुपए जब्त किए गए हैं।'

– **डीसी सागर**, आईजी, बालाघाट जोन

गिरफ्तारी के बाद भी अफसर के चेहरे पर शिकन नहीं थी। नीचे : जब्त नोट।

अफसर के दस्तखत से पास होता है वाहन

एसआईटी व पुलिस ने विवेचना के दौरान पाया कि चोरी के वाहनों के रजिस्ट्रेशन व चेचिस नंबर बदल कर फर्जी तरीके से नया रजिस्ट्रेशन देने में दस्तखत आरटीओ करता है। इस आधार पर पुलिस ने दक्ष से भी पूछताछ की। साथ ही आरटीओ विभाग के अन्य कर्मचारियों सहित वाहनों के सारे दस्तावेज खंगाले। इसके बाद पुलिस के समक्ष पूरा मामला सामने आया। इस दौरान दक्ष छुट्टी लेकर जिले से भागने की फिराक में था, जिससे पुलिस ने पकड़ लिया।

यह किया जब्त

शुक्रवार को कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरटीओ के पास से 15 लाख 55 हजार 331 रुपए सहित 7 मोबाइल फोन, दस्तावेज, वर्दी परिचय पत्र सहित अन्य सामग्री जब्त की।

लोकायुक्त को सूचना

पुलिस ने प्राथमिक विवेचना के दौरान दक्ष के पास से जब्त की गई राशि की सूचना लोकायुक्त व इनकम टैक्स विभाग को भी दी है। पुलिस के अनुसार यह मामला भ्रष्टाचार का है, इसलिए इस मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।

ऐसे हुआ भंडाफोड़

एसपी गौरव तिवारी के मुताबिक, 31 जनवरी को पुलिस ने एक मैजिक वाहन को पकड़ा था। रजिस्ट्रेशन व चेचिस नंबर चेक किया तो पता चला कि वाहन चोरी का है व रजिस्ट्रेशन व चेचिस नंबर से छेड़छाड़ की गई है। पुलिस ने पहले नवीन झमनलाल को गिरफ्तार किया। इस दौरान पूरा मामला सामने आया और तब पुलिस ने मोहम्मद गनी, राजा कुकरेजा सहित रजिंद्र शर्मा को हिरासत में लिया।

श्रीनगर में शनिवार को भारत विरोधी प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर पथराव करते प्रदर्शनकारी।

घाटी में बंद, हिंसा

फायरिंग में एक किशोर की मौत, एसओपी का पालन न होने पर हत्या का केस, झड़पों में एक डीएसपी और 14 पुलिसकर्मियों समेत 25 जख्मी

श्रीनगर (प्रे)। जम्मू-कश्मीर में कट्टरपंथी अलगाववादी हुर्रियत गुट के आह्वान पर घाटी में बंद के दौरान शनिवार को बड़गाम जिले के नारबल में उपद्रवी प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस फायरिंग में एक किशोर की मौत हो गई। दो अन्य घायल हो गए हैं। राज्य सरकार ने घटना की मजिस्ट्रेटी जांच का आदेश दिया है। रिपोर्ट 15 दिन में सौंपी जाएगी। इस बीच, दो पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पहले रिपोर्ट में कहा गया था कि लड़के की मौत सीआरपीएफ की फायरिंग में हुई।

बंद की अपील हुर्रियत के सैयद अली शाह गिलानी गुट ने इस सप्ताह सोमवार को दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के त्राल गांव में सेना के एक ऑपरेशन में दो युवकों के मारे जाने तथा हुर्रियत नेता मसरत आलम की गिरफ्तारी के विरोध में की गई थी। सेना का कहना है कि वे आतंकी थे, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि उन्हें फर्जी मुठभेड़ में मार डाला गया। सूत्रों के अनुसार, फायरिंग में तीन लोग घायल हुए। 16 वर्षीय सुहैल अहमद सोफी की अस्पताल में मौत हो गई। सुहैल के परिवार का आरोप है कि पहले उसे पकड़ा गया और पूछताछ के बाद नजदीक से गोली मार दी गई। किशोर की मौत के बाद हिंसा और भड़क गई। झड़पों में एक डीएसपी और 14 पुलिसकर्मियों समेत 25 लोग जख्मी हो गए। प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया और एक पुरानी पुलिस चौकी तथा एक पर्यटन कुटिया में आग लगा दी। बारामूला जिले के पट्टन तथा कुपवाड़ा शहर से भी विरोध प्रदर्शनों की खबरें हैं।

पुलिस ने मानी गलती

एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि घटना की प्रारंभिक जांच में संकेत मिला है कि सुरक्षा बलों ने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) का उल्लंघन करते हुए कार्रवाई की। इस मामले में मागाम पुलिस थाने में धारा 302 (हत्या), 147, 149, 341 तथा 427 के तहत एक केस दर्ज किया गया है।

ऐहतियाती नजरबंदी और हिरासत

अधिकारियों ने उदारवादी हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक समेत कई अन्य नेताओं को नजरबंद कर दिया। जबकि नारबल जाने की कोशिश कर रहे जेकेएलएफ के अध्यक्ष यासीन मलिक और सामाजिक कार्यकर्ता स्वामी अग्निवेश को हिरासत में ले लिया गया। शाम में उन्हें छोड़ दिया गया। अग्निवेश शनिवार सुबह ही यासीन मलिक के 30 घंटे के अनशन में शामिल हुए थे। अनशन कश्मीरी पंडितों के लिए अलग से समग्र बस्ती बसाने के विरोध में किया जा रहा है।

"

पत्थर का जवाब गोली नहीं है। सुरक्षा बलों को निश्चित ही स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) का पालन करना चाहिए। उन्हें इस मामले में संवेदनशील होने की जरूरत है, क्योंकि एसओपी के उल्लंघन से शांति प्रक्रिया में अस्थिरता आती है। – **रफी मीर**, प्रवक्ता पीडीपी

हाफिज सईद ने उगला नापाक सच

पाक सरकार की मदद से कश्मीर में जेहाद

इस्लामाबाद (एजेंसी)। आतंकी संगठन लश्कर-ए-तोइबा के संस्थापक और जमात उद दावा के प्रमुख हाफिज सईद ने स्वीकार किया है कि वह पाकिस्तान सरकार और फौज की सहमति से कश्मीर में अलगाववादियों की मदद कर रहा है। उसने धमकी दी कि आजादी पाने की यह लड़ाई और बढ़ेगी और भारत को कश्मीर छोड़ना पड़ेगा। एक पाकिस्तानी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में हाफिज ने कहा कि जिहाद इस्लामी सरकार की ड्यूटी है।

भूमि बिल पर राहुल ने दिखाए तेवर

नई दिल्ली (प्रे)। करीब दो महीने के अवकाश से लौटे कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि भूमि अधिग्रहण कानून का विरोध करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा देंगे। वे सरकार को इस बिल को वापस लेने के लिए मजबूर कर देंगे। रविवार को आयोजित होने वाली किसान रैली के पहले राहुल ने शनिवार को अपने निवास पर विभिन्न राज्यों से आए किसानों और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात की। पार्टी नेताओं के अनुसार उन्होंने किसानों से कहा कि वे और उनकी पार्टी किसानों के मुद्दे पर निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे। इसमें केंद्र सरकार का भूमि अधिग्रहण कानून का विरोध भी शामिल है। किसान नेताओं के अनुसार राहुल ने उनसे पूछा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए जा रहे भूमि अधिग्रहण कानून को लेकर उनकी राय क्या है। हाल ही की बारिश से उनकी फसलों को कितना नुकसान हुआ है। सरकार किस भाव से फसल खरीद रही है। » **किसान रैली आज : पेज 14**

गुजरात के जामनगर से भाजपा सांसद पूनम मादम ने रस्म को परंपरा का हिस्सा बताया

इतने नोट उड़ाए कि ढेर लग गया, अब दी सफाई

अहमदाबाद, (प्रे)। गुजरात के जामनगर से भाजपा सांसद पूनम मादम ने जूनागढ़ स्थित एक धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं पर जमकर नोट उड़ाए जाने को परंपरा का हिस्सा बताया है।

मालूम हो, पैसे लुटाए जाने का यह वीडियो वायरल हो गया था। वरवल कस्बे में शुक्रवार रात लोक दायरो नामक इस धार्मिक कार्यक्रम में उन्हें नाच रहे श्रद्धालुओं पर नोटों की बारिश करते हुए देखा गया। इस पर सफाई देते हुए पूनम ने कहा, 'यह सौराष्ट्र में पिछले सौ साल से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है। पैसे बांटने जैसा कोई मामला नहीं है। अहीर समुदाय इसका आयोजन करता है, जिसमें दो लाख से अधिक लोग शामिल होते हैं। यह पहली बार नहीं है जब वह इस कार्यक्रम में शामिल हुई हैं और न ये आखिरी बार होगा।' जुटाए गए धन से हॉस्टल और गौशाला का निर्माण होगा।

जूनागढ़ के वरवल कस्बे में धार्मिक आयोजन के दौरान उड़ाए गए रुपए गिनते कार्यकर्ता। दूसरे और तीसरे चित्र में रुपए उड़ाती मादम और नोट लूटते लोग।

पाकिस्तान में 40 साल बाद शोले प्रदर्शित

कराची (प्रे)। अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र अभिनीत रमेश सिप्पी की बॉलीवुड क्लासिक 'शोले' भारत में रिलीज होने के 40 साल बाद शुक्रवार को पहली बार पाकिस्तान में रिलीज हुई है। सिप्पी के निर्देशन में बनी भारतीय सिनेमा की इस सदाबहार ब्लॉकबस्टर फिल्म को पूरे तामझाम के साथ कराची के एक मल्टीप्लेक्स में रिलीज किया गया। इस दौरान कई बड़ी हस्तियां वहां मौजूद थीं। जिओ फिल्म्स और मांडवीवाला एंटरटेनमेंट ने इस फिल्म को रिलीज किया है। फिल्म समीक्षक उमैर अल्वी ने बताया, 'पाकिस्तान में 'शोले' के प्रशंसकों की कमी नहीं है। प्रशंसकों में वह पीढ़ी भी शामिल है जो उस दौर में वीसीआर पर हिंदी सिनेमा देख-देख कर बड़ी हुई है, जब पाकिस्तान में भारतीय सिनेमा का प्रसारण गैरकानूनी हुआ करता था।' उन्होंने कहा, 'हमने अपने माता-पिता और बुजुर्ग रिश्तेदारों से फिल्म केबारे में इतना सब कुछ सुना है कि इसे पहली बार 3डी या 2डी में बड़े पर्दे पर देखना अविस्मरणीय अनुभव होगा।'